प्रेषक,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
गाजियाबाद ।

सेवा में,

प्रबन्धक / प्रधानाचार्य,
हरि सिंह हा0सै0स्कूल,
खोडा कालोनी– गाजियाबाद ।

पत्रॉक / परीक्षा / 7359— 63 /2013–14 दिनॉक 29.7.2013

विषयः– कक्षा–9 व 10 में अग्रेंजी माध्यम से शिक्षण कार्य की अनुमति के सम्बन्ध में ।

महोदय

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र दिनॉक 23–5–2012 के साथ संलग्न प्रबन्धकीय प्रस्ताव दिनॉक 08–05–2012 के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या / 1028 / 15–7–1(75) / 2010 दिनॉक 9 जून 2010 तथा संख्या 1271 / 15–7–10–01 (199) / 2009 दिनॉक 9 जून 2010 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में आपके विद्यालय को कक्षा 9–10 में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण कार्य कराने की अनुमति निम्न प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की जाती है ।

1– उपरोक्त कक्षाऍ माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 इलाहाबाद से पूर्व में प्रदत्त हाईस्कूल / इन्टरमीडिएट की मान्यता का अंग मानी जायेगी ।

2– कक्षा–9 व 10 में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण कार्य कराने पर शिक्षकों / फर्नीचर / कक्षों की अतिरिक्त व्यवस्था पर होने वाले व्ययभार को प्रबन्धतंत्र द्वारा निजी स्रोतो से वहन किया जायेगा । इस हेतु किसी प्रकार का अनुदान शासन / विभाग द्वारा देय नही होगा ।

3– प्राइमरी कक्षाऍ उक्त विद्यालय का अंग नही होगी ।

4– विद्यालय प्रधानाचार्य / प्रबन्धक द्वारा उपलब्ध पत्राजात में यदि कोई तथ्य छिपाया गया तो उसके उजगार होने पर प्रदत्त अनुमति स्वतः समाप्त समझी जायेगी ।

उक्त के सम्बन्ध में भविष्य में यदि उपरोक्त के अतिरिक्त कोई शासनादेश / विभागीय आदेश / निर्देश निर्गत होता है तो वह मान्य होगा ।

29.7.13

जिला विद्यालय निरीक्षक,
गाजियाबाद

पृ0सं0परीक्षा / /2013–14 दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित अधिकारीयों की सेवा में सूचनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1– सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश इलाहावाद ।
2– संयुक्त शिक्षा निदेशक (मा0) प्रथम मण्डल मेरठ ।
3– क्षेत्रीय सचिव, माध्यमिक शिक्षाा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ ।
4– उप शिक्षा निदेशक (मा0) प्रथम मण्डल मेरठ ।

जिला विद्यालय निरीक्षक,
गाजियाबाद ।

Principal
. Senior Secondary School
atap Vihar Khora Colony
Ghaziabad

Manager
Hari Singh Senior Secondary Schoo
Pratap Vihar Khora Colony,
Ghaziabad